Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

व्याकरण

लिंग किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं।

लिंग परिभाषा - शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री अथवा पुरुष जाति के होने का पता चलता है, वह लिंग कहलाता है।

उदाहरण - स्त्री - पुरुष, राजा - रानी, गायक - गायिका, बेटा - बेटी, शिक्षक - शिक्षिका आदि।

लिंग के दो भेद होते हैं।

1 पुल्लिंग
2 स्त्रीलिंग

1) **पुल्लिंग** - परिभाषा - पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं। जैसे - पुरुष, लड़का, पेड़, घर आदि

2) **स्त्रीलिंग** - परिभाषा - स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं। जैसे - सेठानी, लेखिका, स्वामिनी, नायिका, कुर्सी आदि।

(P.T.O)

लिंग बदलने के नियम

1. 'अ' से समाप्त होने वाले पुल्लिंग शब्दों

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
सुत	सुता
शिष्य	शिष्या
महोदय	महोदया

2. पुल्लिंग शब्द के अंत के 'अक' को 'इ

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
धावक	धाविका
सेवक	सेविका
अध्यापक	अध्यापिका
सहायक	सहायिका
लेखक	लेखिका

3. पुल्लिंग शब्द के अंतिम 'अ' और 'आ'

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
देव	देवी
पहाड़	पहाड़ी
पुत्र	पुत्री
लड़का	लड़की
मामा	मामी

4. पुल्लिंग शब्द के अंत में 'नी' जोड़कर

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
शेर	शेरनी
चोर	चोरनी
ऊँट	ऊँटनी

5. पुल्लिंग शब्द के अंतिम 'आ' को 'इया'

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
चूहा	चुहिया
बेटा	बिटिया
बंदर	बंदरिया
चिड़ा	चिड़िया

6. पुल्लिंग शब्द के अंत में 'आनी' जोड़क

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
देवर	देवरानी
जेठ	जेठानी

7. पुल्लिंग शब्द के अंतिम 'अ', 'आ', 'ई'

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
नाग	नागिन
कहार	कहारिन
कुम्हार	कुम्हारिन
ग्वाला	ग्वालिन

8. कुछ शब्दों का लिंग बदलने पर उनका

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
भाई	बहन
ससुर	सास
विद्वान	विदुषी
बैल	गाय
पिता	माता
कवि	कवयित्री

हमने सीखा

- स्त्री या पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द 'लिंग' कहलाते हैं।
- लिंग के दो प्रकार होते हैं– स्त्रीलिंग और पुल्लिंग।
- कुछ शब्द सदैव पुल्लिंग रहते हैं; जैसे–पशु, पानी आदि।
- कुछ शब्द सदैव स्त्रीलिंग रहते हैं; जैसे–मछली, छिपकली आदि।
- कुछ शब्द सदैव दोनों लिंगों में समान रहते हैं, जैसे–चिकित्सक, वकील, प्रधानमंत्री आदि।

अभ्यास

(लेखन गतिविधि)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) लिंग किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं?

(ख) पुल्लिंग किसे कहते हैं? पाँच उदाहरण लिखिए।

(ग) स्त्रीलिंग किसे कहते हैं? पाँच उदाहरण लिखिए।

(घ) पाँच ऐसे शब्द लिखिए जो दोनों लिंगों में समान रहते हैं।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) लिंग दो प्रकार के होते हैं– पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग।

(ख) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

(ग) पुरूष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।

(घ) शब्दों के अंत में ई, इया, आवट आदि वाले शब्द सामान्यतया स्त्रीलिंग होते हैं।

3. निम्नलिखित रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए–

(क) सेवक पानी लेकर आया।

सेवका पानी लेकर आई।

(ख) नरेश का भाई कवि है।

नरेश की बहन कवयित्री है।

(ग) सड़क पर एक युवक जा रहा है।

सड़क पर एक युवती जा रही है।

(घ) वह लड़की कहाँ जा रही है?

यह लड़का कहाँ जा रहा है।

(ङ) धोबी कपड़े लेकर आया।

धोबिन कपडे लेकर आई

4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग रूप बताइए–

(क)	गंगा	स्त्रीलिंग	(ख)	शिष्य	पुल्लिंग
(ग)	जनवरी	स्त्रीलिंग	(घ)	पीपल	पुल्लिंग
(ङ)	कवयित्री	स्त्रीलिंग	(च)	मोर	पुल्लिंग
(छ)	लेखक	पुल्लिंग	(ज)	विदुषी	स्त्रीलिंग
(झ)	पुरुष	पुल्लिंग	(ञ)	चुहिया	स्त्रीलिंग

रचनात्मक कार्य

निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के रूप बदलकर स्त्रीलिंग बनाइए–

(क)



(ख)



(ग)

(घ)